>

Title: Need to make adequate budgetary provision for the construction of Ahmednagar-Beed-Parli railway line in Maharashtra with a view to ensure its timely completion .

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील (बीड) : अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री महाराष्ट्र ने गत् 1.4.2008 को अहमदनगर-बीड-परली (वैद्यनाथ) नई रेल लाइन के लिए रेल मंत्रालय को सहयोग देने का निर्णय लिया है। महाराष्ट्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट का आधा खर्च उठाने की मंशा जाहिर की है। सरकार ने 1.4.2008 को ही माननीय रेल मंत्री को पत्र भेजा है।

अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री से अनुरोध है कि वे माननीय मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र की इच्छा स्वीकार करें व अहमदनगर-बीड-परली (वैद्यनाथ) नई रेल लाइन के कार्य को गति देकर अगले बजट में पर्याप्त प्रावधान करें व इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की समय सीमा निश्चित करें।